# यूपीईएस और यूनिवर्सिटी ऑफ नॉटिंघम के बीच एमओयू साइन

■ **करार से स्टूडेंट्स के साथ फैकल्टी को भी मिलेगा फायदा**




देहरादून, 25 अप्रैल (नवोदय टाइम्स)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा क्षेत्र में साझेदारी को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ा दिया है। यूपीईएस ने यूनिवर्सिटी ऑफ नॉटिंघम के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। यह विश्वविद्यालय क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025 में वैश्विक स्तर पर 108वें स्थान पर है।

यह साझेदारी छात्रों के लिए वैश्विक सीखने के अनुभव, एकेडेमिक एक्सचेंज और संयुक्त शोध परियोजनाओं को बढ़ावा देने की दिशा में की गई है। शुरुआत में यह समझौता यूपीईएस के स्कूल ऑफ एडवांस्ड इंजीनियरिंग के छात्रों के लिए ग्लोबल स्टडी पाथवे और आर्टिकुलेशन प्रोग्राम तक सीमित है, लेकिन भविष्य में इसे अन्य स्कूलों तक भी विस्तारित किया जा सकता है। इस साझेदारी के माध्यम से छात्रों को विश्वस्तरीय शिक्षा, अनुसंधान सुविधाएं और विभिन्न संस्कृतियों को समझने का अनुभव मिलेगा। यह समझौता फैकल्टी एक्सचेंज को भी बढ़ावा देगा, जिससे दोनों विश्वविद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार होगा।

इस अवसर पर यूपीईएस के इंटरनेशनलिटी प्रमुख और स्कूल ऑफ लॉ के डीन, प्रो. (डॉ.) अभिषेक सिन्हा ने कहा कि यूनिवर्सिटी ऑफ नॉटिंघम के साथ यह साझेदारी हमारे अंतरराष्ट्रीय उत्कृष्टता की दिशा में एक अहम मील का पत्थर है। यह हमारे छात्रों और शिक्षकों को वैश्विक दृष्टिकोण से समृद्ध करने वाला अनुभव प्रदान करेगी। यह समझौता दोनों विश्वविद्यालयों की ओर से दीर्घकालिक सहयोग की संभावनाओं को तलाशने और उन्हें साकार करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।